



# हाथों में दीप लेकर सैकड़ों लोगों ने किया गरबा का शुभारंभ

## अशोका गार्डन दशहरा मैदान में श्रीजी गरबा महोत्सव

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 23 सितंबर. नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार की शाम अशोका गार्डन स्थित दशहरा मैदान में श्रीजी गरबा महोत्सव का शुभारंभ आरती के साथ हुआ, जिसमें 100 से अधिक लोगों ने हाथों में दीया लेकर मां की आरती से गरबे का शुभारंभ किया. मैदान में स्टेज के दोनों ओर गरबा करते हुए लोगों के डांडिया संग थिरकते पांव मौजूद दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बन गए.**

महोत्सव में 6 दिन की अलग अलग थीम निर्धारित की गई है. जिसमें गुजराती, राजस्थानी, पंजाबी जैसी प्रतिदिन एक थीम होगी. जिसके अनुसार गानों का चयन और विशेष परिधानों में प्रतिभागी नजर आए. पहले दिन गुजराती गानों पर चनिया चोली के पारंपरिक पोशाक में महिलाएं और पुरुष ने डांडिया और गरबा खेला. महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरुषों ने बड़े ही उत्साह के साथ मनभावन गरबा नृत्य किया. गरबा महोत्सव में शाम से भीड़ जुटना शुरू हो गई थी. गौरतलब है कि इस गरबा महोत्सव में मीडिया पार्टनर है प्रदेश का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र नवभारत.

### 200 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

श्रीजी गरबा महोत्सव द्वारा पहली बार गरबा का आयोजन शहर के ऐसे दशहरा मैदान में हो रहा है, जहां पर हर तरफ से लोग गरबा खेलने को आए. महोत्सव के पहले दिन 200 से अधिक प्रतिभागियों ने गुजराती थीम पर आधारित इस महोत्सव में ढोलिडा ढोल धीमो, केसरियो रंग तने लाग्यो, पंखिड़ा तू उड़ी जाजे जैसे गानों में बड़े उत्साह के साथ रोमांच का आनंद लेते हुए नजर आए.



डेनेक्स डांस एकेडमी के कोरियोग्राफर साक्षी प्रजापति ने बताया कि उनकी एकेडमी से 100 लोग गरबा खेलने महोत्सव में आए हैं. जिसकी तैयारी लगभग 1 महीने से चल रही थी. जिसमें सभी प्रतिभागियों को साथी विजय प्रजापति के साथ मिलकर डांडिया, गरबा की प्रैक्टिस करवाई है.



मुझे गरबा खेलना बहुत पसंद है. मैं करीब 15 से गरबा खेलती आई हूं. और इस बार श्रीजी में पहली बार खेलने का मौका मिल रहा है. इसकी तैयारी पिछले 1 महीने से कर रही हूं तो मैं बहुत उत्सुक हूं.

**–लक्ष्मी सोमकुवर**, भारती निकेतन, भोपाल



हर बार गरबा का आयोजन देख के मुझे भी खेलने का मन करता था. लेकिन पहली बार मैं खेलने आई हूं, और यहां पर दिन के निसार अलग अलग थीम रखी गई है तो वह मुझे अच्छा लगा. यहां डांडिया करने और गरबा खेलके बहुत खुश हूं.

**–आकांक्षा साहू**, सुंदर नगर



एक महीने की तैयार के बाद गरबा खेलने का मौका मिला. यहां पर केवल गरबा के गाने बजाए जा रहे हैं तो मुझे बहुत अच्छा लग रहा है. बॉलीवुड और फिल्मी गाने नहीं होने से पूरा माहौल एक पारंपरिक गरबे जैसा लग रहा है.

**–संध्या खांडेकर**, इंद्रपुरी



## न्यू मार्केट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर की झांकी

**भोपाल ( जूनियर रिपोर्टर ).** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर न्यू मार्केट क्षेत्र भव्य धार्मिक आयोजन का गवाह बना हुआ है. न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति और न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति द्वारा जय स्तंभ, न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहे पर इस वर्ष विशेष झांकी स्थापित की गई है. समिति के सचिव अजय देवनानी ने बताया कि माँ दुर्गा की स्थापना रोशनपुरा में पिछले 60 वर्षों से हो रही है. इस बार झांकी का मुख्य आकर्षण श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, मथुरा की प्रतिकृति होगी. झांकी का निर्माण कोलकाता से आए कलाकारों ने किया है. यह झांकी लगभग 60 फीट ऊंची और 1200 वर्ग में बानी है. मंदिर की वास्तुकला का बारीकी से ध्यान रखा गया है. माता की मुख्य प्रतिमा 28 फीट चौड़ी और 12 फीट ऊंची है , जिसमें माँ अंबे का दिव्य स्वरूप स्थापित है.



## जहांगीराबाद

**भोपाल ( जूनियर रिपोर्टर ).** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी साधना, तप और भक्ति का प्रतीक हैं. भक्तगण उन्हें सफेद गुलाब, चमेली और कमल अर्पित कर आशीर्वाद की कामना करते हैं. श्रद्धा भाव से की गई आराधना से साधक को तप, संयम और विजय का वरदान मिलता है. इधर, दुर्गोत्सव के दौरान राजधानी के जहांगीराबाद क्षेत्र में मातारानी की आकर्षक झांकियां दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. एक ओर कंस वध की जीवंत झांकी दिखाई जा रही है, तो दूसरी ओर दसानन दरबार का भव्य दृश्य लोगों को रावण चरित्र की याद दिला रहा है. साथ ही माता दुर्गा की सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई है.

# अब एम्स भोपाल में ही मिलेगा आधुनिक इलाज

## कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी की शुरुआत



**भोपाल, 23 सितंबर. एम्स भोपाल में कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी ( सीसीएएचटी ) का शुभारंभ हुआ.**

यह पहल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एम्स नई दिल्ली और एम्स भोपाल के संयुक्त सहयोग से शुरू की गई है. इसका उद्देश्य मरीजों के लिए नई स्वास्थ्य तकनीक आधारित समाधान विकसित करना, अनुसंधान और क्लिनिकल परीक्षण को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को मजबूती प्रदान करना है. इस अवसर पर विशेषज्ञों ने नवाचार एवं प्रोटोटाइप विकास, क्लिनिकल वेलिडेशन के मार्ग, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और शोधकर्ताओं के लिए फंडिंग अवसरों जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए. साथ ही एक ओपन-हाउस इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें एम्स भोपाल के फैकल्टी, रेज़िडेंट्स और छात्रों ने अपने नए विचार प्रस्तुत किए.डॉ. रविंदर सिंह (आईसीएमआर, नई दिल्ली) ने असिस्टिव टेक्नोलॉजी में आईसीएमआर की पहल प्रस्तुत की, वहीं डॉ. सलज राणा (एम्स नई दिल्ली) ने नेशनल सेंटर फॉर असिस्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजी की गतिविधियों और क्लिनिकल वेलिडेशन की भूमिका पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद कर ने कहा, आईसीएमआर और एम्स नई दिल्ली के साथ यह सहयोग एम्स भोपाल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. अनछुए क्लिनिकल आवश्यकताओं को पहचानकर और उन्हें स्वास्थ्य समाधान में बदलकर, हम न केवल इस क्षेत्र के मरीजों बल्कि पूरे देश के मरीजों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं.

## आज कोलार में शहनाज अख्तर की भजन संध्या

**भोपाल, 23 सितंबर.** राजधानी भोपाल के कोलार रोड स्थित मां पार्वती नगर में गणेश उत्सव समिति द्वारा बुधवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है. इस भजन संध्या में प्रदेश की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा माता के गीतों की प्रस्तुति की जाएगी.

इस कार्यक्रम का आयोजन फिल्म अभिनेत्री पूनम दुबे जैन द्वारा कराया जा रहा है. कोलार के बंजारी स्थित मां पार्वती नगर में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार 24 सितंबर को रात्रि 8 बजे से होगी. फिल्म अभिनेत्री पूनम ने शहरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है.

# मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद जरूरी

▸ अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम




**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 23 सितम्बर. एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ द्वारा विदेशी छात्रों के लिए सांस्कृतिक सद्भाव एवं मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर सांस्कृतिक सद्भाव और अकेलेपन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित लघु फिल्म की स्क्रीनिंग की गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ के स्टेट कन्वीनर अनुज प्रताप सिंह रहे. उनके साथ सीईसी के सदस्य पिशोन कियांगि और मोहम्मद अब्दुल्ला भी थे. इस दौरान दोनों सदस्यों का सम्मान किया गया. संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक विविधता को समझना और अपनाना समय की आवश्यकता है. उन्होंने छात्रों से आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करने को कहा. साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर संवाद करने पर बल दिया.

## एक नजर में



### सेन्ट्रल वर्ज की खूबसूरती के लिए गमलों पर पेंटिंग

**भोपाल.** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा ''स्वच्छोत्सव-2025'' के तहत नगर निगम द्वारा सेंट्रल वर्ज और साइड वर्ज की खूबसूरती के लिए साफ-सफाई कर गमलों पर पेंटिंग की गई है. महापौर मालती राय ने मंगलवार को गोविन्दपुरा स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के आसपास सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज आदि की साफ-सफाई में श्रमदान किया और सेंट्रल वर्ज की सुंदरता बढ़ाने के लिए रखे गए गमलों पर पेंटिंग भी की. इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वच्छताग्रहियों ने भी साफ-सफाई कार्य में सहयोग किया. इस मौके पर महापौर ने कहा कि हमें शहर को और अधिक साफ, स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि हमारा शहर भोपाल देश का सबसे सुंदर शहर है, हमारा प्रयास है कि हम इसे देश का सबसे स्वच्छ शहर भी बनाएं.

### मुख्यमंत्री मेधावी योजना का पोर्टल शुरू किया जाए

भोपाल, 23 सितंबर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना का पोर्टल अविलंब प्रारंभ किए जाने की मांग की है. अभाविप ने ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के हजारों विद्यार्थी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत हैं, उनका परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है. लेकिन मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना का पोर्टल अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे विद्यार्थियों को अंकसूची, डिग्री एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है. अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की देरी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है.

फ्री चेकअप और आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण
श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरिटेबिल ट्रस्ट
द्वारा फ्री चेकअप और आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण
नवभारत परिसर में 1 सितम्बर से
डॉ. अजय सिंह पंवार
द्वारा इलाज किया जावेगा, कृपया सब लोग इस सेवा का लाभ उठावें
समय- प्रतिदिन शाम को 4 से 7 बजे तक
3, इन्दिरा प्रेस कॉम्पलेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर जोन-1, भोपाल म.प्र.

EXCLUSIVE PRINT PARTNER
नव भारत
Presented By
SHREE ENTERPRISES
SHREE JI GARBA MAHOTSAV
From 23 Sept to 28 Sept
VENUE : DUSSHERA MAIDAN, ASHOKA GARDEN.
TIMING FROM : 7 ONWARDS
Powered By :
OM SHREE CONSTRUCTIONS
श्री जी गरबा महोत्सव